हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 10 अगस्त 2025

04 विश्व आदिवासी दिवसः 6 डीजे के साथ निकाली रैली पारंपरिक वेशभूषा पहने...




07 नवाचारों से बालकों में स्वावलंबन व नए कार्यों ...





## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए ऑन लाइन पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** सीहोर जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदया विद्यालय समिति की बेवसाईट www navodaya.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। कक्षा 9वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए ।

### जिले के यात्रियों के आयोजित होंगी 02 तीर्थ यात्राएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत सीहोर जिले के तीर्थ यात्रियों के लिए 2 तीर्थ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर जिले के यात्रियों को 13 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक वाराणसी-अयोध्या की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इसी प्रकार 24 सितंबर से 29 सितंबर 2025 तक तिरूपति की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। वाराणसी-अयोध्या की तीर्थ के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025 है तथा तिरुपति की तीर्थयात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2025 है। तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन करने वाले पुरूष तीर्थ यात्री की न्यूनतम उम्र 60 वर्ष तथा महिला तीर्थयात्री की न्यूनतम उम्र 58 वर्ष होना चाहिए। इसके साथ ही उन्हें सहायक की पात्रता होगी। यदि जिले में आवंटित निर्धारित कोटा से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो ऐसी स्थिति में यात्रियों का चयन कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी सिस्टम से किया जयेगा।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने सीवन नदी के पास टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने की घोषणा

# हजारों की संख्या में पारम्परिक वेशभूषा पहन, हाथ में तीर कमान लिए मनाया विश्व आदिवासी दिवस

आदिवासी समाज का कुदरती प्राकृतिक रंग पीला झंडा और देश की आन, बान व शान तिरंगा हाथ में लेकर पारंपरिक वेशभूषा पहनकर नाचते हुए निकाल सांस्कृतिक महारैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर










बाल विहार ग्राउंड में आमसभा से महारैली में परिवर्तित होकर आमु आखा एक छै, जय जोहार का नारा है भारत देश हमारा है, एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान ,जल जंगल जमीन कुणीन छै आमरी छै आमरी छै इत्यादि नारो के साथ जिला मुख्यालय पर अलग-अलग गांवो से पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा पहनकर हाथ में सजी धजी रंगबिरंगी तीर कमान, महिलाएं नारी शक्ति आदिवासी नाटी पहने, हाथ मे फालिया , कमर पर गोफन बांधकर, सिर पर लाल साफा ,गले मे आदिवासी पीला गमझा डालकर, पानी की हल्की-हल्की बौछारो के साथ आदिवासी लोकनृत्य करते हुए आदिवासी समाज का कुदरती प्राकृतिक रंग पीला झंडा और देश की आन बान शान तिरंगा हाथ में लेकर सांस्कृतिक महारैली नगर भ्रमण करते हुए शहर के नदी चौराहा गंगा आश्रम बस स्टेंड होते हुए भोपाल नाका पहुंचीं जहां सांस्कृतिक महारैली का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अति7थि के रूप में पहुंचे नगरपालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्ंिरस राठौर ने सीवन नदी के पास क्रांतिकारी टट्य मामा की प्रतिमा लगाने और समाज की धर्म शाला निर्माण के लिए भूमि का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजने की भी घोषणा की।

आदिवासियों का यह विशाल जनसैलाब देखने लायक था । अत्यधिक जनसंख्या के बाद भी रैली अनुशासनात्मक थी। संस्कृतिक महारैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। सर्व्प्रथम समाज के बुजुर्ग ड्हालो द्वारा ज्वार, नीम के पत्ते , पानी, हल्दी से प्राकृतिक पूजा अचज़्ना कर माँ प्रकृति तथा पुरखों को आमंत्रित किया गया तत्पश्चात सामाजिक व वैचारिक आमसभा का आयोजन किया गया । आमसभा को कई बौद्धिक वक्ताओं ने अपना उद्बोधन दिया। उद्बोधन मे जल जंगल जमीन , बोली भाषा , संस्कृति , रिती रिवाज , संवैधानिक अधिकार, शिक्षा स्वास्थ्य , स्वरोजगार, पारंपरिक रूढ़िवादी ग्राम सभा, अनुसूचित क्षेत्र , पेसा कानून, धमाज़र्तरण , जनगणना, बेरोजगारी, पलायन, समाज के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका आदि विषयों पर निर्भीक निडर और खुलकर वक्तव्य दिया गया।

सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष रवि सोलंकी ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि आदिवासी समाज के मान्य अधिकारों का संरक्षण हो उनके जल जंगल जमीन और खनिज संपदा के अधिकार सुरक्षित रहें तथा अस्मिता आत्मसम्मान कला संस्कृति अस्तित्व व इतिहास कायम रहे एवं शिक्षा आदि का प्रचार प्रसार हो।

संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य देश भारत भी है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार विश्व में 47.6 करोड़ से अधिक आदिवासी लोग रहते हैं, जो 90 देशों में रहते हैं 5 हजार विभिन्न संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, विश्व की 7 हजार भाषाओं में से अधिकतम भाषाएं बोलते हैं।विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए समाजजनों ने कहा कि चाहे कोई भी सरकार हो आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा, जल जंगल जमीन के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है, आदिवासी समाज पर दिन प्रतिदिन शोषण और अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है इसलिए अब वक्त है स्वयं का नेतृत्व खडा. किया जाये।

संविधान बनने से पूर्व भी आदिम आदिवासी समाज में गांव प्रधान पटेल द्वारा छोटे-मोटे झगड़ों या अन्य घटनाओं का निपटारा गांव में ही कर लिया जाता था लेकिन अब थाना कोटज़ कचहरी के चक्कर काटकर लूटा रहा है आदिवासी समाज। हमें अपनी ग्राम सभा को वापस मजबूत करने का समय आ गया है।

#### इन वरिष्ठजनों ने भी किया संबोधित

सभा को प्रोफेसर ओमप्रकाश धुर्वे गंजबसोदा, एडीए प्रहलाद सस्त्या राजगढ़, सीताराम सरेआम रिटायर्ड एडिशनल एसपी, निर्मला सुनिल बारेला अध्यक्ष मंत्री आदिवासी वित्त निगम, प्रेमा धुर्वे भोपाल, विपिन सास्ता नगरपालिका उपाध्यक्ष सीहोर, जिला मिडिया प्रभारी बालाघाट, प्रोफेसर रामनारायण रामभगत, कुमारी कृष्णा सूर्यवंशी,लक्ष्मण कर्मा जिला पंचायत सदस्य इंदरसिंह पटेल कमल कीर कमलेश दोहरे ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में हरीराम डुडवे, डॉ.सुरेन्द्र धुर्वे, जनमसिंह परमार, सुर सिंह बारेला जनपद अध्यक्ष, ओमप्रकाश ससत्या, नारी शक्ति बहन अनिता सस्त्या, बहन अनिता चौहान, कृष्णा सुयज़्वंशी ग्राम लसुडिय़ा सेखु, संदीप प्रजापति, श्रीराम बारेला, धायखेड़ा सरपंच दिनेश सेमलिया, दयाराम बारेला, राज मरकाम, कृष्णकांत दोहरे, प्रदीप बरखाने (भीम आमीज़), अरविंद जमरे जयस कायज़्कताज़ सहित बुधनी, भैरूंदा, इछावर, आष्टा, श्यामपुर, दोराहा, रेहटी, बिल्किशगंज, भोजपुर, देवास व निमाड़ के समस्त आदिवासी सगाजन व संगठनों के क्रांतिकारी कायज़्कताज़ उपस्थित रहे। कायज़्क्रम की अध्यक्षता रवि सोलंकी जयस जिला अध्यक्ष सीहोर ने की व मंच संचालन नारी शक्ति अनिता बारेला, स्मृति धुर्वे व सामाजिक कार्यकर्ता संदीप प्रजापति ने किया एवं कैलाश जमाले ने आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के जन्मदिन पर होगा भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**सीहोर।** भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर राजीव गुजराती मित्रमण्डली के द्वारा आगामी 12 अगस्त 2025, दिन मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्थानीय बाल बिहार ग्राउण्ड मनकामेश्वर मंदिर, सीहोर में सांय 4 बजे भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश भर से टीमें भाग लेंगी। मण्डली द्वारा विजेता टीक को नगद 51 हजार रूपये के पुरुस्कार से सम्मानित किया जावेगा। मित्रमण्डली द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर भव्यता के साथ मनाया जायेगा श्री गुजराती का जन्मदिन दिनांक 12 अगस्त को प्रातःकाल राजीव गुजराती द्वारा भगवान श्री चिन्तामन गणेश मंदिर, खड़े हनुमान मंदिर सहित अनेक प्राचीन धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर जनमानस के लिये सुख समृद्धि की कामना की जावेगी। तत्पश्चात मित्रमण्डली द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित कर भव्यता के साथ श्री गुजराती का जन्मदिन मनाया जाएगा।

### 27 लाख की सौगात, सड़क निर्माण कार्य का भूमि-पूजन




**सीहोर।** शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग माने जाने वाले पुराने हाईवे स्थित हाउसिंग बोर्ड पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। अवधपुरी, चाणक्यपुरी, हाउसिंग बोर्ड आदि के अलावा क्षेत्रवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर गुरुवार को वार्ड क्रमांक 21 में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को क्षेत्रवासियों ने हो रही दिक्कतों से अवगत किया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कछुआ की चाल से चल रहे निर्माण कार्य से आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं बारिश होने के पश्चात तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण किया जाएगा, वहीं निर्माण एजेंसी को पत्र लिखकर समस्या दूर की जाएगी। गुरुवार को वार्ड क्रमांक 21 में करीब दो सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर वार्ड 21 के पार्षद कमलेश कुशवाहा और नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता आदि शामिल थे।

### छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 8 लाख

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 15 अप्रैल 2023 को जारी आदेश 'अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए आय सीमा 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रूपये किये जाने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृति मानविकी विषयों के लिए भी दिए जाने का मंत्रि-परिषद ने अनुसमर्थन किया।

अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विदयार्थियों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की वार्षिक आय सीमा 8 लाख रूपये किये जाने की सहमति प्रदान की गई। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आय सीमा का बंधन समाप्त किया गया है।

# सोते समय 6 साल की बच्ची की सांप के कांटने से मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जिले के वांद्रियाहाट में एक 6 साल की बच्ची को सांप ने काट लिया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बच्ची का नाम वेदिका सोलंकी है।

#### अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

बच्ची के पिता ने बताया कि सोते समय वेदिका को सांप ने काट लिया। घटना शनिवार सुबह की है। सांप के काटने के बाद परिजन तुरंत बच्ची को उपचार के लिए सीहोर जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया।

वेदिका के पिता जीवन सिंह सोलंकी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### बाजार में रही भीड़, चार पहिया वाहनों लगा रहा प्रतिबंध

# रक्षाबंधनः बहनों ने भाईयों को तिलक लगा कर बांधी राखी, लिया सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों का मंगल तिलक कर रक्षा सूत्र बांधें। बहनों ने भाई की कलाई पे प्यार बांधा है.. ये राखी बंधन है अपना.. भैय्या मेरे राखी के बंधन को निभाना जैसे गीतों की पक्तियां फिजाओं में छाई रही। जिलेभर में भाई-बहन के अटूट प्रेम पर्व रक्षाबंधन को मनाया गया।

पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहिनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और भाइयों से रक्षा का वचन लिया। रक्षा बंधन पर्व को लेकर बाजारों में खासी रौनक रही। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर जिलेभर में उल्लास रहा। बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा का थाल सजाया, जिसमें कुमकुम, अक्षत, रक्षा सूत्र, मिठाई, सूखा नारियल आदि रखे।

इसके बाद भाई के माथे पर प्रेम का टीका लगाया और आरती उतारी। बहन ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी बदले में रक्षा का वचन दिया तथा उपहार, श्रृंगार सामग्री, कपड़े, आभूषण आदि भेंट किए।

#### बाजार में रही भीड़, चार पहिया वाहनों लगा रहा प्रतिबंध

रक्षाबंधनपर्व के उपलक्ष्य में शहर में सजी राखियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। बहिनों ने अपने भाइयों के लिए कई वैरायटियों की राखियां खरीदी। दूसरे राज्य एवं जिलों में रह रही बहनें भी अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए पहुंची। रक्षाबंधन पर्व पर नन्हें-मुन्नों में भी विशेष उत्साह देखा गया। बाजार में राखी के पर्व को लेकर खासी रौनक देखी गई। बाजार में चार पहिया वाहनों प्रतिबंध लगा रहा। वहीं कई बार जाम भी लगा।

#### मिष्ठान भंडारों पर काउंटर सजे

रक्षाबंधनपर्व को लेकर शहर के मिष्ठान भंडारों पर दिनभर लोगों की भीड़ रही। आम दिनों में सूनी रहने वाली मिठाई की दुकानों पर भी लोगों का जमघट रहा और जमकर मिठाईयों की बिक्री हुई। बाजार में 350 से 1000 रुपए प्रति किलो के भाव से भी मिठाइयों की अच्छी बिक्री हुई। रक्षाबंधन पर्व को लेकर कई मिष्ठान भंडार वालों ने मिठाइयों के काउंटर सजा दिए थे।

#### यात्री वाहनों और ट्रेनों में रही भीड़

रक्षाबंधनपर बस स्टैंड पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। इसके अलावा दो पहिया वाहनों का उपयोग जमकर हुआ। बसों में महिलाओं-युवतियों की भीड़ के कारण जगह मुश्किल से नसीब हुई। वहीं ट्रेनों में भी भीड़ होने के कारण पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

# टेंट हाउस की दुकान में लगी आगः बिजली फॉल्ट से 5 लाख का सामान जलकर राख

### ग्रामीणों और दमकल की मदद से आग पर पाया काबू



**सीहोर।** जिले के शाहपुर कौड़िया में शनिवार सुबह एक टेंट हाउस की दुकान में भीषण आग लग गई। सुबह करीब 5 बजे दुकान से धुआं उठता देख ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घटना में टेंट हाउस में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

**ग्रामीणों और दमकल ने मिलकर बुझाई आग :** सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड चालक आरिफ खान और फायरमैन कमरुद्दीन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और उसे आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक दिया।

**5 लाख का सामान जला :** दुकान के मालिक रमेश परमार ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली लाइन में फॉल्ट बताया जा रहा है। आग से टेंट हाउस में रखा लगभग 5 लाख रुपए का सामान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड के चालक आरिफ खान ने बताया कि दुकानदार ने बिजली फॉल्ट की जानकारी दी है, लेकिन बिजली लाइन में फॉल्ट कैसे हुआ और उससे दुकान में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## खबर संक्षेप



### 20 साइकिलें मिलीं, बच्चों ने बनाई रंगोली

**सीहोर।** ग्राम उलझावन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गईं। छात्र-छात्राओं को फूल माला पहनाकर 20 साइकिलें दी गई। साथ ही स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रंगोली और चित्रकला में भी हिस्सा लिया। जिसकी जन प्रतिनिधियों ने खूब सराहना की। स्कूल में उपस्थित अतिथि पिंटू वर्मा, मुकेश वर्मा, एवं महेंद्र वर्मा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। शाला प्राचार्य डॉ. नुजहत अनीस खान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### दस्तक अभियान व स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### गानों पर थिरके युवक-युवतियां, रैली में झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

# विश्व आदिवासी दिवसः 6 डीजे के साथ निकाली रैली पारंपरिक वेशभूषा पहने समाजजन हुए शामिल

भैरुंदा पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रैली निकाली गई जहां रैली में आदिवासी समुदाय के लोग अनुशासित होकर चल रहे थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

9 अगस्त को मनाएं जाने वाला विश्व आदिवासी दिवस आदिवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। आज संजोग से रक्षाबंधन और विश्व आदिवासी दिवस एक साथ माना रहे है। एक तरफ़ जहां बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा कबज की डोर बंधकर रक्षा बन्धन मनाया गया तो वहीं दूसरी और विश्व आदिवासी दिवस पर नगर में धूमधाम से आदिवासी समाज ने रैली निकाल कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। यह रैली नगर में आदिवासी समाज समिति के नेतृत्व में सीहोर रोड ग्रीन गार्डन से कृषि संगोष्ठी भवन तक रैली निकाली गई। रैली में आदिवासी समुदाय के लोग रंग बिरंगे परिधानों में शामिल हुए।गाजे बाजे एवं शामिल 6डीजे के साथ निकली रैली में जहां युवक युवतियां पारंपरिक नृत्य कर रहे थे वहीं महिला पुरूष एवं बच्चे भी गोंडी गीतों पर थिरक रहे थे। विशाल रैली में झांकी आकर्षण का केंद्र थीं।

**पुलिस की सुरक्षा में निकाली गई रैली यातायात की व्यवस्था बनी रही :** भैरुदा पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रैली निकाली गई जहां रैली में आदिवासी समुदाय के लोग अनुशासित होकर चल रहे थे, ताकि यातायात में व्यवधान ना हो सके। इस दौरान युवा डीजे पर गोंडी गानों के साथ थिरक रहे थे वहीं जय सेवा सहित अन्य जयकारे लगाए जा रहे थे। उक्त रैली में नगर सहित पूरे क्षेत्र के आदिवासी संगठन शामिल हुए जिससे मार्ग पर विशाल रैली नजर आई। रैली में युवतियां एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पारंपरिक नृत्य करते हुए चल रहीं थी वहीं पुरूष भी अलग एवं युवा भी नृत्य कर रहे थे जिससे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ लगी रही।

**फूलों की वर्षा कर भाजपा,कांग्रेस पार्टी ने किया रैली का स्वागत :** विश्व आदिवासी दिवस पर नगर में विशाल रैली निकाली गई इस दौरान जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया तो वहीं भाजपा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने आदिवासी समाज के लोगों पर फूलों की वर्षाकर स्वागत सत्कार किया गया।











**विजेताओं, प्रतिभाओं का किया सम्मानः** एक दिन पहले आदिवासी समाज समिति द्वारा ग्रीन गार्डन में आयोजित आदिवासी लोक गीत पारंपरिक नृत्य की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम कार्यक्रम स्थलपर समाज के वीर पुरुषों की फोटो प्रतिमा का पूजन किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। आयोजन में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मूल निवासी दिवस का संदेश वाचन किया गया जिसके बाद मुख्य अतिथियों ने उद्बोधन दिया। आयोजन विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ समाजिक सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में युवक युवतियों सहित बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उन्हें पुरुस्कार सम्मान राशि भेंट की।

## अपने भाई को राखी बांधने बहनें पहुंची उपजेल में भावुक हुए भाई बहनों के आंखों से निकले आंसू



**भैरूंदा।** रक्षाबंधन का पर्व जहां बहनें भाई की कलाई पर खुशी खुशी रखी बांधने पहुंची जैल में सुबह से ही पहुंची। अवसर पर भैरुंदा उपजेल में भावनाओं से भरा माहौल देखने को मिला। सुबह से ही बहनें अपने-अपने बंदी भाइयों से मिलने पहुंचीं।

मुलाक़ात कक्ष में राखी बांधते समय बहनों की आंखें भर आईं, वहीं भाइयों ने भी बहनों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। जेल प्रशासन ने इस विशेष दिन के लिए विशेष व्यवस्था सुविधाओं बनाई गई। जिससे बहनें बिना किसी रोक रोक के अपने भाइयों तक पहुंच सकें। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहनों ने मिठाई खिलाई और उपहार भी दिए। इस अवसर पर कई बंदी भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि भले ही वे जेल की चारदीवारी में हैं, लेकिन इस त्योहार ने उन्हें घर के स्नेह और अपनत्व का एहसास कराया। रक्षाबंधन ने यहां भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और भी मजबूत किया। मुलाकात के दौरान एक-दूसरे के साथ बिताए ये पल सभी के लिए यादगार बन गए।

रक्षा बन्धन के मौके पर महिला समन्वय जिला संयोजिका राधिका जैमिनी, वर्षा खंडेलवाल, भारती देवलिया, पूजा बैरागी, उषा श्रोतिय व अन्य महिलाएं थाना परिसर भेरूंदा पहुंचीं।



यहां उन्होंने थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित पुलिस स्टाफ को राखी बांधी और श्रीफल व मिठाई भेंट की। बहनों ने पुलिस कर्मियों की लंबी उम्र और सुरक्षित जीवन की कामना की। रक्षाबंधन के इस पर्व ने जेल और थाना परिसर दोनों में ही भाई-बहन के प्रेम, सुरक्षा और स्नेह का संदेश दिया। यह दिन न केवल कैदियों और पुलिसकर्मियों के लिए, बल्कि पूरे नगर के लिए एक भावुक और प्रेरणादायक अवसर देखने को मिला।

## सड़क पर गड्ढे, सीमेंट उखड़ा सरिए तक दिखने लगे, सुरक्षा दीवारों में भी दरारें

**भैरूंदा।** पांडागांव स्थित सीप नदी पर 9 करोड़ 48 लाख की लागत से बना पुल महज 8 महीने में ही घटिया निर्माण की पोल खोलने लगा है। पुल के कई हिस्सों में गड्ढे बन गए हैं। सीमेंट उखड़ चुकी है। सरिए तक बाहर दिखने लगे हैं। सुरक्षा दीवारों में भी दरारें साफ नजर आ रही हैं और निर्माण कंपनी इसे सामान्य प्रक्रिया बता रही है। विभाग ने मरम्मत और जांच की बात कही है।

यह वही पुल है, जिसका निर्माण 2022 में शुरू हुआ था। 30 नवंबर 2024 को भाजपा विधायक रमाकांत भार्गव और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसका लोकार्पण हुआ था। पुल की लंबाई 150 मीटर है। जब तक यह पुल बनकर तैयार नहीं हुआ, तब तक 3 करोड़ 74 लाख की लागत से नीचे एक बॉक्स ब्रिज बनाया गया था। उस बॉक्स ब्रिज की हालत भी कुछ ही समय में खराब हो गई थी। उसमें भी बेयरिंग कोड उखड़ने लगे थे। बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे। सरिए बाहर आ गए थे। इससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया था।

कांग्रेस सरकार में बने पुल 40-50 साल से चल रहे कांग्रेस नेता विक्रम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में बने पुल 40-50 साल से चल रहे हैं। कोई दिक्कत नहीं आई, लेकिन भाजपा सरकार में एक साल भी नहीं हुआ और पुल की हालत खराब हो गई। इससे साफ है कि कितना भ्रष्टाचार हो रहा है।

अफसरों ने फोन नहीं उठाया एमपीआरडीसी से सोनिया सिन्हा ने कहा कि पीडब्ल्यूडी इस मामले को देखेगा। जब इस बारे में पीडब्ल्यूडी एसडीओ सक्सेना से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।





## डीडी कॉन्वेंट स्कूल के वॉलीबॉल खिलाडियों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**बुधनी।** लोक शिक्षण संचनालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता19वर्ग आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर मे 8 अगस्त को आयोजित की गई जिसमे डीडी कान्वेंट स्कूल के अंडर 19 वॉलीबॉल खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर इछावर ओर सीहोर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमे 14 खिलाडियों का संभाग स्तर पर चयन हुआ संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 24 अगस्त को राजगढ़ मे अयोजित की जाएगी वही अंडर 14,17 वर्ग का अयोजन इछावर मे हुआ।

जिसमे वर्ग 14 बालक बालिकाओं ने इछावर ओर सीहोर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ओर 15 खिलाडियों का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ वर्ग14 प्रतियोगिता 18 अगस्त को विदिशा मे अयोजित की जाएगी ओर वर्ग 17 प्रतियोगिता 3 सितंबर को रायेसेन के सिलवानी मे अयोजित की जाएगी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डी डी कॉन्वेंट विद्यालय के संचालक जे के त्रिपाठी और समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाडियों और कोच आकाश मसीह को शुभकामनायें दी और उज्वल भविष्य की कामना की।

### मोटे अनाज से बने कम लागत के पौष्टिक व्यंजनों को बनाना सिखाया



भैरूंदा। स्तनपान सप्ताह के दौरान कुंजल वेलफेयर सोसायटी ने भैरूंदा ब्लॉक में सात दिवसीय विज्ञान आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मोटे अनाज से बने कम लागत के पौष्टिक व्यंजनों को बनाना सिखाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में खून की कमी को दूर करना और परिवार को सुपोषित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।फूड एंड न्यूट्रीशन एक्सपर्ट डॉ. विभा खरे और न्यूट्रीशियनिस्ट जेनीशा देवनानी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण हुआ। डॉ. खरे ने गर्भवती और धात्री महिलाओं को मोटे अनाज के लड्डू बनाने की विधि बताई। जेनीशा ने रोजाना भोजन में कम से कम एक श्रीअन्न शामिल करने की सलाह दी।प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रभा गौर ने बताया कि ब्लॉक के 15 गांवों की 28 महिलाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। श्रीअन्न रेसिपी प्रतियोगिता में अतिथियों ने व्यंजनों का स्वाद चखा। विजेताओं को शील्ड दी गई। संस्था अध्यक्ष आरएन पाटिल के संयोजन में प्रभा गौर ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर आभार जताया।

### प्राकृतिक समावेश से निर्मित राखी को मिला प्रथम पुरस्कार

# शासकीय शाला कोड़ियाछीतू में हुआ राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवाचार के क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान बनाने वाले शासकीय माध्यमिक शाला कोडिय़ाछीतू में रक्षा बन्धन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार, 7 अगस्त को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों द्वारा आकर्षक राखियाँ बनाई गई। प्रतियोगिता में शिक्षिका शशिवाला नामदेव, मंजु राठौर एवं मधुजोशी द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाते हुए कक्षा 1 से 5 तक तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्रदान किया। जिसमें कक्षा 7 वी के आरिश द्वारा प्राकृतिक समावेश कर शुन्य निवेश कर बनाई गई आकर्षक राखी को प्रथम पुरुस्कार प्रदान किया गया, चुकि यह राखी पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करती है। इसी प्रकार अन्य बच्चों द्वारा भी कागज, धागे, बिन्दी, मोती, ऊन, गत्तों से युक्त आर्षक राखियाँ बनाई। प्रधानाध्यापक संजय सक्सेना ने सभी बच्चों को शुभकामनाऐं देते हुए बताया कि शाला के प्रतिभागी बच्चों को आगामी 15 अगस्त पर शाला में आयोजित कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया जायेगा। शाला में दर्ज 182 बच्चों में से 36 बच्चों द्वारा आर्षक राखियाँ बनाई तथा इन राखियों को बनाने के प्रक्रिया को अन्य सभी बच्चों को राखी बनाने की अपनी विधि को बताया जिससे कि बच्चों में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिले और



अगले वर्ष आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बच्चे भाग ले सके। बच्चों को सभी कक्षा अध्यापकों ने अपनी-अपनी कक्षा में उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रेरित किया। बच्चों द्वारा कम समय में आकर्षक राखियाँ बनाने पर उनके अन्य साथियों द्वारा करतल ध्वनि बजाकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के संजय सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह चौहान, डी.के. मालवीय, श्रीमती शशिवाला नामदेव, मंजु राठौर, मधु जोशी, फूलवती सेन, श्रद्धासिंह रघुवंशी आदि द्वारा बच्चों को बधाई देते हुए उनको मनोबल बढ़ाया।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत रंगारंग गतिविधियां हुईं

**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चन्द्र शेखर आज़ाद शा. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के क्रियान्वयन दिनांक 8 अगस्त 2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, तिरंगा आधारित रंगोली प्रतियोगिता एवं रैली का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर तिरंगा आधारित सेल्फी पॉइंट भी स्थापित किया गया, जहां महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने देशभक्ति के रंगों में रंगी हुई ने छायाचित्र के छायांकन कराये।



पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. ज्योति नेताम (विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र), डॉ. तृप्ता झा (सह-प्राध्यापक, भूगोल) एवं डॉ. गीता वर्मा (सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र) द्वारा किया गया। परिणाम की घोषणा स्वतंत्रता दिवस पर की जाएगी।उक्त कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन एनएसएस, एनसीसी एवं क्रीड़ा विभाग के प्रभारी डॉ. सजन खत्री, डॉ. मौली थॉमस, श्याम कुमार तथा अनिल पिपलोदिया द्वारा कराया गया।

### जिला न्यायालय में बाल संप्रेक्षण गृह के बालकों की निर्मित राखियों की लगी स्टॉल

# नवाचारों से बालकों में स्वावलंबन व नए कार्यों को सीखने की रूचि बढ़ती है: जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा किशोर न्याय बोर्ड के साथ समन्वय स्थापित कर जिला न्यायालय परिसर में बाल संप्रेक्षण गृह मे रहने वाले बालकों द्वारा बनाई गई राखियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

उक्त प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह के बालकों द्वारा हाथों से बनाई गई राखियों की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि बाल संप्रेक्षण गृह मे निवासरत बालकों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाना एक नया नवाचार है।

इन नवाचारों से ही बालकों में



स्वावलंबन एवं नये कार्यों को सीखने के प्रति रूचि बढती है। भविष्य में भी ऐसे बालकों को स्वरोजगार हेतु इस प्रकार के प्रशिक्षण दिये जाने चाहिए।

उक्त अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अन्य न्यायाधीशगण ने बालकों द्वारा निर्मित राखियों को क्रय किया गया एवं उक्त राखियों को बसेरा वृद्धाश्रम गुना में, जिला जेल मे निरूद्ध बंदियों को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना के माध्यम से भेजी गई।

इसके साथ ही अन्य न्यायिक परिवार, अधिवक्तागण, पक्षकारगण से भी उक्त राखियों को क्रय करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना, प्राधिकरण के कर्मचारीगण, अधिवक्तागण आदि लोग उपस्थित थे।

### गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

## करंट लगने से विद्युत के पोल से गिरा आउटसोर्स बिजली कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭जीरापुर

नगर में बुधवार रात को एक आउटसोर्स बिजली कर्मचारी चालु लाइन में बिजली पोल पर चढ़ कर लाइट सुधारने का काम कर रहा था इस दौरान करंट लगने से वह बिजली पोल से नीचे गिर गया जिससे उसके सिर में चैट लगने से गंभीर घायल हो गया। जिसे साथी कर्मचारी अन्य लोगों की मदद से तुरंत स्थानीय सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने से डाक्टर ने उसे बाहर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विधुत विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बीरम पिता जगदीश गुर्जर उम्र 32 साल निवासी नर्मदेश्वर कॉलोनी नगर की चूड़ी गली में बिजली बंद होने की शिकायत पर उसे ठीक करने के लिए वहां लगे बिजली पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था, बिजली कर्मचारी द्वारा लाइन चालू अवस्था में ही सुधार कार्य किया जा रहा था इस दौरान करंट लगने से वह पोल से नीचे आ गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया लोगों की मदद से उसे सिविल अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चैट होने से उसे बाहर रेफर किया। इस घटना को लोगों द्वारा विभाग की लापरवाही से जोड़कर देखा जा रहा है।

#### आर्थिक मदद के लिए आगे आए विभागीय अधिकारी कर्मचारी

गंभीर घायल बिजली कर्मचारी बीरम गुर्जर को झालावाड़ से इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जिसका इलाज चल रहा है ऐसे में विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों ने राशि एकत्रित कर आर्थिक मदद की गई जो एक सराहनीय कदम है।

#### उपचार जारी है

आउटसोर्स कर्मचारी बीरम गुर्जर इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसका उपचार इंदौर के एक निजी अस्पताल में जारी है, उसको बेहतर इलाज मिले अभी उसी में लगे हुए हैं, घटना क्यों और कैसे हुई यह जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा।

**करण संत**
जेई, विद्युत विभाग जीरापुर

### जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता हुई आयोजित

**खुजनेर।** जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 4 अगस्त से 5 अगस्त के मध्य ब्यावरा पी.जी.कॉलेज में हुआ जिसमें राजगढ़ ब्लॉक के अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर के कक्षा 12 वीं के छात्र हर्षित शर्मा का चयन संभाग स्तर पर हुआ जो कि भोपाल में 10 सितम्बर से 14 सितम्बर के मध्य खेली जाएगी हर्षित की सफलता पर डी.एस.ओ. जिला खेल अधिकारी महेन्द्र जी परमार एवं उनके स्कूल के प्राचार्य मनोहर जायसवाल, कन्हैया लाल दांगी, मनोज कुमार शर्मा, राम प्रसाद वर्मा, बृजेश कुमार शर्मा, खेल शिक्षक इंद्रनारायण श्रीवास आदि स्कूल स्टाफ ने छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### पांच दिवसीय गीता ज्ञान विश्व गीता प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित

**छापीहेड़।** सनातन धर्म को सार्थक रूप मिलता है जब जब गाथा कथाओं के माध्यम से अर्जित की जाती है विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा आयोजित पंच दिवसीय गीता ज्ञान महोत्सव में कथा श्रवण करने हेतु भक्तों का ताता लग जाता है मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत जी सेठिया ने कथा वाचक आदरणीय रमेश जी कोठारी शिवपुरी का भव्य स्वागत अभिनंदन कर व्यास पीठ की सार्थक पूजा अर्चना कर कथा श्रवण का भरपूर आनंद प्राप्त किया कथा श्रवण पश्चात गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता का ज्ञान कलजयी है 5125 वर्ष पूर्व गीता कही गई गीता के एक-एक श्लोक आज भी प्रासंगिक एवं जीवन जीने की कल सिखाती है कथा श्रवण करने वालों को हेमंत जी सेठिया द्वारा 100 गीता की पुस्तक भेंट की गई कथा उपरांत आरती भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल जी रजक की और से संपन्न हुई कथा श्रवण करने आए अतिथि को गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा गीता भेंट की गई गीता स्वाध्याय मंडल का लक्ष्य है की नगर क्षेत्र के एक-एक घर-घर गीता पहुंचे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा संस्कार एकेडमी




**पचोर।** हर्ष का विषय है कि संस्कार एकेडमी, पचोर ने सागर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान हमारी टीम ने भोपाल को 12 अंको, उज्जैन 30 अंकों और सागर 37 अंकों के अंतर से हराया संस्कार एकेडमी पचोर ने मध्य प्रदेश के भिन्न भिन्न स्कूलों मजबूत टीमों को हराकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन, टीमवर्क और उच्च स्तरीय खेल भावना का परिचय दिया। पचोर लौटने पर संस्था के चेयरमेन दीपक गोयल, उपाध्यक्षा रमा शर्मा, सचिव दिनेश गोयल,कोषाध्यक्ष पंकज गोयल, डायरेक्टर सीमा गोयल, डायरेक्टर विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, समन्वयक इरशाद अहमद, कंवलप्रीत सिसोदिया, आधार ब्लॉक भ्व्क रियांशी गोयल ने सभी खिलाडियों को बधाईयाँ दीं । टीम कोच सत्यनारायण शर्मा, हंसराज गुर्जर को भी बधाइयां दीं। संस्कार परिवार की ओर से सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाए।

## फर्नीचर व्यापारियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन




**सुठालिया।** शुक्रवार को अवैध सागौन की लकड़ी आने पर व्यापारी हुए लामबंद्ध सभी व्यापारियों ने मिलकर निर्णय लिया गया है कि सुठालिया में जो अवैध सागौन की लकड़ी आ रही है उसको रोका जाए जिससे कि एक नंबर में डिपो का माल खरीद के सभी व्यापारी व्यापार कर सकें और एक नंबर का माल डिपो से और सभी व्यापारी एक नंबर ां काम कर सके एवं अपने परिवार का पालन पोषण कर सके एवं जो लोग बेरोजगार हुए हैं उनका रोजगार मिल सके सभी मिस्त्रियों को रोजगार मिल सके सागवान व्यापारियों ने लिया बड़ा फैसला सभी व्यापारियों ने मिलकर थान प्रभारी को दिया ज्ञापन थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने कहा लकड़ी सुठालिया आती है हमें सुचना दो सभी व्यापारी मिलकर उच्च अधिकारी को सूचना देकर लकड़ी पकड़ाई जाएगी और प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई का दिया गया आश्वासन।

## रिश्तों को शर्मसार करने वाले जीजा को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रिश्तों को शर्मसार करने वाले आरोपी जीजा को न्यायालय ने अंतिम सांस तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सहायक मीडिया प्रभारी मयंक भारद्वाज एडीपीओ राघौगढ़ द्वारा बताया गया कि 8/12/2022 को पीड़िता की मां के द्वारा दी गई मौखिक सूचना के आधार पर इस आशय की देहाती नालसी लेखबद्घ की। 4/12/2022 को दोपहर 2:00 बजे फरियादी का बड़ा दामाद अभियुक्त, फरियादी के घर आया और बोला कि अभियोक्त्री की तबीयत ठीक नहीं है इसलिए वह उसको डॉक्टर के पास दिखाने ले जा रहा है यह कहकर अभियुक्त अभियोक्त्री को अपने साथ ले गया। 1 घंटे बाद अभियुक्त का फरियादी के पास फोन आया की अभियोक्त्री की तबीयत ज्यादा खराब हो गई है तुम गुना के सरकारी अस्पताल आ जाओ । फरियादी गुना के सरकारी अस्पताल पहुंची तो अभियुक्त अभियोक्त्री को गेट के पास छोड़कर भाग गया फिर वह अभियोक्त्री के पास गई तब तक वह बेहोश हो गई थी फरियादी उसे अंदर लेकर गई डॉक्टर को दिखाया तब डॉक्टर मैडम ने उसे बताया की अभियोक्त्री चार माह की गर्भवती है और उसे बच्चा गिराने की दवाई दी गई थी बच्चे का शरीर दवा को झेल नहीं पाया और उसका खून चालू हो गया है उसकी अभी डिलीवरी करनी पड़ेगी और डॉक्टर मैडम ने उसकी डिलीवरी कराई लेकिन अभियोक्त्री की तबीयत ज्यादा खराब होकर होश न आने से ग्वालियर कमला राजा अस्पताल गायनिक वार्ड रेफर किया गया। अभियोक्त्री को उक्त अस्पताल में भर्ती कराया था। अभियोक्त्री को दिनांक 8/12/2022 तक कोई होश नहीं आया। प्रकरण का अपराध पुलिस थाना कैंट में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं दौरान विवेचना में सत्य पाया गया।

## लाडली बहनों को सौगात देने आए मुख्यमंत्री के सफल कार्यक्रम पर विधायक ने जताया आभार



**नरसिंहगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नरसिंहगढ़ दौरे और लाडली बहनों को सौगात देने वाले ऐतिहासिक कार्यक्रम की सफलता पर नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर सभी का आभार व्यक्त किया। विधायक शर्मा ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस प्रशासन, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और पूरे विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में पहुंची लाडली बहनों व नागरिकों का अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर लाडली बहना योजना की राशि अंतरित करने नरसिंहगढ़ पहुंचे थे। इस दौरान कृषि उपज मंडी परिसर में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने शहर में रोड शो कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया और क्षेत्र की कई विशेष मांगों को भी स्वीकृति प्रदान की।

### सेंटमैरी कॉलेज में हुई एनसीसी कैडेट्स की भर्ती

**विदिशा।** सेंट मैरी कॉलेज में एनसीसी कैडेट की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में हुई। प्रथम चरण में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का शारीरिक परीक्षण किया गया। इसके बाद लिखित परीक्षा आयोजित की। कार्यक्रम में एनसीसी से संबंधित सामान्य ज्ञान का परीक्षण करने के बाद तृतीय चरण में साक्षात्कार हुआ। जिसमें विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक तथा एनसीसी में आने का उद्देश्य का परीक्षण किया गया। इन तीनों परीक्षणों में चयनित विद्यार्थियों का ही अंतिम चयन हुआ। जिसमें लगभग 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 48 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ।



### भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**नरसिंहगढ़।** आगामी 12 और 13 अगस्त को निकलने वाली तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में विधायक मोहन शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से जी-जान से जुटकर यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।विधायक ने बताया कि तिरंगा यात्रा छह मंडलों में निकलेगी, जिसके लिए सभी मंडलों के प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति और जनजागरण का प्रतीक होगी, जिसमें अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और यात्रा को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया।

### राज्य मंत्री टेटवाल ने 65 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कर किया पौधा रोपण



**सारंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुलावता में शुक्रवार को निरूशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा 65 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें निर्भीक, समय पर एवं नियमित शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह योजना बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करने, आत्मनिर्भर बनने और भविष्य में देश-प्रदेश का नाम रोशन करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, मंडल अध्यक्ष पाड़ल्यामाता गिरवर भंडारी,महेश पुष्पद,विनोद पाटीदार,शेखर शर्मा,रघुराज सिंह सोलंकी सहित विद्यालय के शिक्षकगण, ग्राम के वरिष्ठजन, भाजपा कार्यकर्ता, आस-पास की ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बेतवांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के मेगा कैंपस प्लेसमेंट में 105 छात्रों ने पहला चरण पार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बेतवांचल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स में एक मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें देश की कई प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर जोमाटो, एक्सेस बैंक, मंत्रा, स्प्रा लिमिटेड, ब्लैंकिट, एसबीआई जनरल, हिमालया और और फोंटे जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां उपस्थित रहीं। इस मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से 105 विद्यार्थियों ने पहले चरण के साक्षात्कार में सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन, डायरेक्टर और प्लेसमेंट सेल के सदस्य भी उपस्थित रहे। प्लेसमेंट ऑफिसर एमआईएसएस तस्लीम और एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर आदित्य यादव संस्थान द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजनों का आयोजन किया जाता है। जिससे उन्हें करियर की दिशा में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। संस्थान के निदेशक ने बताया कि अगले चरण के इंटरव्यू आगामी सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। छात्रों और अभिभावकों में इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को पीपीओ देकर सम्मानित किया

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने मई व जून माह के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को पीपीओ का वितरण किया। स्मृति स्वरूप आम के पौधे व गीता भेंटकर माला पहनाकर सम्मानित किया। इससे पहले सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों ने शासकीय सेवाओं के दरम्यान अपने-अपने अनुभवों को सांझा कर स्मृतियों को यादगार बनाया।

## छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

विधानसभा के ग्राम गांगाहोनी के शासकीय हाई सेकेंड्री विद्यालय में दूर दराज से आने वाले कक्षा 6 टी से 9 वी तक के छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि इन्दरसिंह लववंशी जनपद सदस्य रहे। जनपद सदस्य इन्दरसिंह लववंशी इसी विधालय के छात्र रहे उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को छात्र जीवन नियम और संयम में रहते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करने की बात कही।इस मौके पर सभी अतिथियों का स्वागत विधालय के प्राचार्य महेश शर्मा और विधालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा तिलक माला एवं साफा पहनाकर और गमछा पहनाकर किया गया । कार्यक्रम में में भाग लेने वाले अतिथि सुठालिया मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सोंधिया ब्यावरा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ग्राम की सरपंच माया देवी मेहर ओम पालीवाल करणसिंह लोधा विष्णु मीणा सरपंच रामलाल सोंधिया शिवनारायण लववंशी देवीसिंह सोंधिया मुकेश मीणा रामस्वरूप लोधा जी ज्वालाप्रसाद लोधा हेमराज मीना गोपाल लववंशी रमेश लववंशी मांगीलाल लववंशी देवलाल मेहर हीरालाल लववंशी हेमराज लववंशी रामलाल लववंशी जगदीश लववंशी भारत सिंह चैहान केवल प्रसाद लववंशी मदनलाल मोगिया संकर लाल सेठजी लक्ष्मीनारायण लववंशी धन्नालाल लववंशी बालूप्रसाद सहित गणमान्य नागरिक और छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अवाहन पर सभी अतिथियों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लववंशी फार्म हाउस पर आम बिल्व पत्र पाम निब्बू संतरा अशोक जामफल आदि 11 पौधा का रोपण किया गया और सभी पोधा को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया ।

## बहनों को नहीं मिलेगा कोई तोहफा! खाली हाथों से राखी बंधवाने के लिए मजबूर अतिथि शिक्षक

### ई-अटेंडेंस बनी सिर्फ दिखावा, स्थाई शिक्षकों को मिला वेतन

**ब्यावरा।** आज भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन है और सभी अपने अपने हिसाब से इस त्यौहार को खुशियों से मनाने की तैयारी कर रहे है जहां बाजार में रक्षाबंधन के लिए उत्साह देखा जा रहा है वहीं अतिथि शिक्षकों में नीरसता और त्यौहार के प्रति फीकापन देखने में मिला जिसका कारण ई-अटेंडेंस है।शिक्षा विभाग ने ई-अटेंडेंस के प्रयोग द्वारा शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक शिक्षा के स्तर में सुधार की जो कोशिश की वह जमीनी स्तर पर सही नहीं उतर पाई। पहले ही महिने में अनियमितताओं के चलते स्थाई शिक्षकों को तो बिना ई-अटेंडेंस के भी वेतन मिल गया वहीं अतिथि शिक्षकों पर वेतन की गाज गिर गई। मई-जून में बैसे ही खाली बैठे हुए थे जैसे तैसे जुलाई में स्कूल जाना शुरू हुआ तो ई-अटेंडेंस के चलते वेतन रूक गई । आज रक्षाबंधन के इस त्यौहार पर जिले भर के हजारों अतिथि शिक्षक अपनी बहनों को उपहार देने के पहले सोचेंगे और सिस्टम को कोसेगें।

#### मंदसोर से सुठालिया आकर हुए परेशान

मंदसोर जिले से सुठालिया के कन्या उच्चतर मा विद्यालय में आकर अतिथि शिक्षक का कार्य कर रहे बाबूलाल मेहर बताते है कि बेरोजगारी की मार से परेशान होकर मैने राजगढ आकर भी काम करना पसंद किया परंतु पहले ही महिने में वेतन न मिलने से मुझे परेशानियों का सामना करना पढ रहा है। किराए से लेकर राशन पानी और फिर यह त्यौहार। विभाग को हम लोगों की भी चिंता करना चाहिए।इसी तरह की परेशानियों से जूझते मिले विपिन मिश्रा और राजेश पालीवाल।



## सारंगपुर में आरएएफ का फ्लैग मार्च शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश

**सारंगपुर।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को 107 रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ भोपाल की टीम ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च 107 त।था के कमांडेंट जगदीश प्रसाद बलाई के निर्देशन में तथा सहायक कमांडेंट प्रभांशु प्रभाकर के नेतृत्व में किया गया। परिचय एवं अभ्यास के उद्देश्य से निकाले गए इस फ्लैग मार्च में सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा एवं पुलिस टीम भी शामिल रही। टीम ने नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर आमजन को शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि पुलिस एवं आरएएफ दल सदैव उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर हैं, और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सुरक्षा के लिहाज से सराहनीय कदम बताया।

## खबर संक्षेप

### धर्म और भक्ति को बोझ नहीं समझना चाहिए



**आष्टा।** अरिहंतपुरम में चल रहे 24 तीर्थंकर महामंडल में मुनि प्रवर सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, जिनके भीतर शुक्ल ध्यान का सूरज चमकता है, उनके भीतर केवलज्ञान का पुष्प खिलता है। ऐसे जीव अनंत सुख का अनुभव करते हैं। जिनका ध्यान अस्त हो गया, उनका ज्ञान मुरझा जाता है। वे केवल इंद्रिय सुख में उलझे रहते हैं। मुनिश्री ने कहा, धर्म और भक्ति को बोझ नहीं समझना चाहिए। सिर पर पाप की गठरी बंधी है, उसे उतारने का प्रयास करें। जिनेन्द्र भगवान के उपदेशों को जीवन में उतारने का पुरुषार्थ करें। उन्होंने कहा, सावन का महीना चल रहा है। इस समय मां और बहनें अपने पीहर और भाइयों को याद करती हैं। लेकिन आजकल राखी भी भेदभाव का कारण बन गई है। यदि भाई करोड़पति है तो उसे सोने की राखी, लखपति है तो चांदी की राखी, हजारपति है तो धागे की राखी बांधी जाती है। यदि किसी बहन के चार भाई हैं और कोई आर्थिक रूप से कमजोर है तो उसे साधारण राखी मिलती है। यह राग और द्वेष को बढ़ाता है। विष्णु कुमार मुनि सहित 700 मुनिराजों की रक्षा इसी दिन हुई थी मुनिश्री ने कहा, आचार्य बताते हैं कि जिसके भीतर धर्म होता है, वह सभी को समान दृष्टि से देखता है। रक्षाबंधन का पर्व क्यों मनाया जाता है, इसका उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, यह पर्व तब शुरू हुआ जब लोगों ने मुनियों की रक्षा का संकल्प लिया। विष्णु कुमार मुनि सहित 700 मुनिराजों की रक्षा इसी दिन हुई थी।

### रक्षाबंध पर्व पर बहनों ने भाईयों की दीर्घायु की कामना कर बांधे रक्षासूत्र

# शंकर मंदिर, पार्वती तट पर नगर पुरोहित ने विधि-विधान से श्रावणी पर्व कराया आयोजित

रक्षा बंधन के पर्व पर बहनों ने अपने भाई की कलाई पर शुभ मुहूर्त में बांधी राखी।







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रक्षाबंधन के पूर्व से लेकर रक्षासूत्र बांधने तक बाजारों में जहां बड़ी तादाद में भीड़ दिखाई दी, वहीं इस पर्व के चलते बहनों में उत्साह भी नजर आया। सड़कों पर बिना सवारी के खाली दौड़ती बसे भी सवारी से लदालद होकर अपनी तीव्रता के साथ सड़क पर दौड़ती नजर आई। आज रक्षाबंधन का पावन पर्व देशभर में मनाया जा रहा है। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है। हिंदू धर्म में इस त्योहार का विशेष महत्व होता है और यह हर वर्ष श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्राकाल का सांया नही होने से राखी बांधने के लिए पूरे 7 घंटे और 37 मिनट का समय मिला और बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को विभिन्न तरह के उपहार दिए। छोटे बच्चों से लेकर बड़ों में इस पर्व के चलते काफी उत्साह देखने को मिला।

#### श्रावणी पर्व कार्यक्रम सम्पन

ब्राह्मणों व यज्ञोपवीत द्विजों का महापर्व श्रावणी प्रतिवर्षानुसार शनिवार को नगर के प्राचीन शंकर मंदिर एवं माँ पार्वती तट पर नगरपुरोहित पं. मनीष पाठक के आचार्यत्व में विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रायश्चित संकल्प के साथ हुई, जिसमें पंचगव्य ग्रहण कर पवित्र कुश एवं आडिझाड़े से स्नान के पश्चात द्विजजनों ने यज्ञोपवीत संस्कार किया। पं. पाठक ने बताया कि जिनका यज्ञोपवीत संस्कार हो चुका है, वे इस दिन पुराना यज्ञोपवीत उतारकर नया धारण करते हैं, जिसे व्यक्ति का "दूसरा जन्म" माना जाता है। श्रावणी पर्व पर विप्र व द्विजजनों ने संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय के साथ यज्ञोपवीत कार्य सम्पन्न किया। इस अवसर पर सभी ब्राह्मणों ने कुंभ में महामंडलेश्वर की उपाधि प्राप्त करने पर अन्नपूर्णा आश्रम के पीठाधीश्वर दीपक दास त्यागी जी का सम्मान किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा एवं मित्र मंडल ने आचार्य सहित सभी ब्राह्मणों का अभिनंदन किया।

#### देवऋषियों को दी आहुति

स्नान, तर्पण के बाद ऋषि पूजन, सूर्य उपासना एवं यज्ञोपवीत पूजन किया गया। नवीन यज्ञोपवीत धारण कर आत्मसंयम का संकल्प लिया गया। विप्र एवं द्विज जनों ने स्वाध्याय कर आहुतियां अर्पित करते हुए सप्तऋषियों को नमन किया। इसके पश्चात एक-दूसरे को यज्ञोपवीत समर्पित कर वरिष्ठजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### यह रहे उपस्थित

महामंडलेश्वर दीपक दास त्यागी महाराज (अन्नपूर्णा आश्रम), पं. रामनारायण शर्मा, पं. हरिनारायण शर्मा, पं. दामोदर शर्मा, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त पं. संतोष शर्मा, पं. कांतिलाल जोशी, पं. मुकेश पाठक, पं. सतीश पंडिया, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पार्षद पं. रवि शर्मा नगर अध्यक्ष सेवा संघ निर्मल वैष्णव, डॉ. दीपेश पाठक, पं. महेंद्र पाठक, पं. उदय श्रोत्रीय, अखंड , पं. सुनील शर्मा शास्त्री, पं. सुधीर जोशी, पं. संतोष जोशी, पं. ओमप्रकाश शर्मा, पं. पुरुषोत्तम शर्मा, साहित्यकार पं. सुदर्शन व्यास, महंत मनोहर दास बैरागी, पं. प्रियांक पाठक, पं. शैलेन्द्र शर्मा, महंत संतोष वैष्णव, शंकर मंदिर महंत राजगीर गिरी, शैलेन्द्र गिरी, गणेश मंदिर महंत विष्णुदास, पं. उज्जवल पंड्या, पं. चेतन पंड्या, संतोष वैष्णव, अरमिंदम पाठक, पं. ध्रुव शर्मा, पं. पार्थ पाठक, यज्ञ पाठक, त्रियांश पाठक, दिनेश बैरागी, वेदांत वैष्णव, अभिषेक बैरागी, संजय वर्मा आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छता के संग मनाया जा रहा स्वतंत्रता उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन के निर्देशनुसार 8 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव -स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र आष्टा की ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न ग्रामों में तिरंगा रंगोली, तिरंगा रैली, स्वतंत्रता और स्वच्छता संवाद, संस्थाओं की सफाई, सेग्रिगेशन शेड की सफाई और उनका अपग्रेडेशन, नियमित तौर पर घर-घर कचरा संग्रहण कार्य, तिरंगा राखी निर्माण, शालाओं में प्रतियोगिताएं, स्वच्छ सुजल गांव शपथ आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी श्रृंखला में विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा ग्राम पंचायत-सामरदा में स्थित माध्यमिक शाला प्रांगण में उपस्थित हो कर हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव -स्वच्छता के संग अभियान के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों के साथ विस्तृत संवाद किया। तथा स्वच्छता अपनाने के बारे में समझाइस दी गई। स्वच्छता बनाये रखने से मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके साथ ही स्वच्छ जल का उपयोग करने के बारे में बताया गया। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को भी दोहराया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा प्रांगण में वृक्षारोपण कर अधिक से अधिक पौध रोपित करने व शासन द्वारा वृक्षारोपण हेतु संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम एक बगिया मां के नाम अंतर्गत चिन्हांकित हितग्राहियों को खेतों में फलदार पौधों को लगाने के लिए जानकारी दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष, शाला के शिक्षकगण, पंचायत के पदाधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

### संतोषी माता को लगाया छप्पन भोग



**आष्टा।** नगर के शास्त्री स्कूल दर्जीपुरा स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व पर मां संतोषी मां का जन्मदिवस पूजन आरती एवं छप्पन भोग लगाकर मनाया। कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने मां संतोषी माता की पूजन अर्चना आरती कर श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर दलकिशोर कुशवाहा पटेल, अमरचंद कुशवाह, मना बाबू कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, भागीरथ कुशवाहा, खुशी लालकुशवाहा, राहुल कुशवाह, सुनील परमार, अभिषेक कुशवाहा, पीयूषकुशवाह, अनिल कुशवाहा, लोकेश कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, आदि उपस्थित रहे अंत में भव्य रूप से छप्पन भोग महा प्रसादी वितरण कि गई।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने तीन दिनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का किया शानदार आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सीहोर नगर में आयोजित तीन दिवसीय श्रीहरिकथा के तृतीय दिवस आशुतोष महाराज की कृपा से महात्मागणों द्वारा भगवान शिव एवं सती प्रसंग को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। स्वामी आशानन्द एवं स्वामी महादेवानंद ने चाणक्यपुरी में 5 से 7 अगस्त को प्रतिदिन दोप. 2 से 5 बजे के मध्य अंतिम दिन प्रसंग को विस्तार देते हुए स्पष्ट किया कि भगवान शिव और देवी सती आकाश मार्ग से विचरण करते समय धरा पर जब प्रभुश्रीराम को सीताजी की खोज में व्याकुल अवस्था में देखते हैं। तो इस दिव्य घटना की दो प्रतिक्रियायें हुईं। भगवान शिव तो प्रभुश्रीराम को निहारकर प्रसन्न हृदय से उन्हें नमन करते हैं। जय सच्चिदानन्द जग पावन ..। जबकि इसके विपरीत देवी सती मन में व्याप्त संदेह के कारण प्रभुश्रीराम को नमन करने नहीं निरीक्षण और परीक्षण करने चल पड़ती हैं। दिव्य दृष्टि के अभाव में वे जगन्निधान प्रभु श्रीराम को साधारण मानव समझकर भ्रमित हो जाती हैं। इस सन्दर्भ में परम् पूज्य सर्वश्री आशुतोष महाराजश्री का कथन है कि ईश्वर निरीक्षण और परीक्षण का विषय नहीं अपितु श्रद्धा और समर्पण का विषय है। प्रभु एवं प्रभु के अभियान को श्रीगुरु द्वारा प्रदत्त दिव्य दृष्टि और श्रद्धा समर्पण के अभाव में नहीं समझा जा सकता है। दिव्य दृष्टि का आधार बृह्मज्ञान है। भगवान और भगवती की यह घटना तथाकथित धार्मिक समाज के लिए बहुत बड़ी दिव्य प्रेरणा है। भारतवर्ष ऋषियों का देश हैं। भारत की पहचान मुंबई की चौपाटी, दिल्ली का लाल किला अथवा आगरा के ताजमहल से नहीं है। अपितु भारत की पहचान अध्यात्म से है। ईश्वर साक्षात्कार आधारित सनातन विज्ञान से है।

इसके पूर्व जिला जेल सीहोर में कैदियों को एवं संकल्प मिशन सीहोर के नशामुक्ति केंद्र में उपस्थित बन्धुओं को नशा मुक्ति हेतु सतसंग मार्गदर्शन किया। महत्वपूर्ण संदेश की श्रंखला में स्वामी महादेवानन्द जी ने बताया कि संस्थान द्वारा अगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व के उपलक्ष्य में आयोजित आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के शीर्षक श्रीकृष्ण जन्म लें यदि आज, तो पहचानेंगे कैसे आप? पर आधारित स्पेशल कार्यक्रम को जिज्ञासु जनमानस के आनन्द के लिए यूट्यूब के रडीजेजेएस वर्ल्ड चैनल पर 16 अगस्त को सायं 7 बजे से टेलीकास्ट किया जा रहा है। कार्यक्रम चैनल को सबस्क्राइब कर जिज्ञासु जनमानस घर बैठे आनन्द लाभ ले सकेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश से पधारे सन्यासी महात्माओं साध्वी बहिनों के मुखारबिंद प्रभु श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं के आध्यात्मिक रहस्यों का उद्घाटन स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा संगीत नृत्य एवं नृत्य नाटिकाओं के सुंदर समन्वय के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आरती के साथ मिनी शिर्डी धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष शबसंत दासवानी, सचिव जोशी और सेंगर सर, पंडित दिनेश शास्त्री सहित सभी श्रद्धालुओं ने कथा मंच पर भगवान शिव और आशुतोष महाराजश्री का वन्दन पूजन कर कथा कार्यक्रम को सम्मानित किया। संस्थान की ओर से स्वामी जी ने सभी का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस नेता माखन सिंह सोलंकी को मातृत्व शोक

**सीहोर।** ग्राम मुंगावली के नर्वदा प्रसाद, जियालाल सोलंकी, कांग्रेस नेता माखन सिंह सोलंकी की माता और स्व. भंवरजी सोलंकी की धर्मपत्नि व मोहन, कमलेश, राकेश, अरविंद, अखलेश सोलंकी की दादी क्षमा बाई का स्वर्गवास 7 अगस्त 2025 को हो गया। उनके आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मीनट का मौन धारण कर उनकी आत्मशांति एवं उनके दुखी परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया।

# दूध उत्पादक किसानों को दूध का अच्छा मूल्य मिले जिसको लेकर लगातार प्रयास कर रहेः पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी रक्षाबंधन से एक दिन पहले शुक्रवार को सीहोर जिले की आदर्श दुग्ध समिति कोठरी में बोनस वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला पहनाकर किया गया।

सीईओ के निर्देशन में महाप्रबंधक राजेश विजयवर्गी के मार्गदर्शन में और पूर्व संचालक महेंद्र पटेल ने दूध उत्पादकों को अपने वक्तव्य में कहा कि हमारी संस्था गुणवत्ता युक्त मिलावट से दूर उपलब्ध कराती है। उच्च गुणवत्ता का दूध उपलब्ध कराते हैं वही प्राइवेट संस्था दूध उत्पादकों को रेट तो अच्छे देती है पर गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं रहती है, हमारे द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा दूध का मुल्य उपलब्ध हो ताकि हमारे देश का किसान सशक्त बने। जिला नोडल अधिकारी के .एस.दुगारिया द्वारा संघ द्वारा चल रही कल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई एवं स्वच्छ दुग्ध उत्पादन की जानकारी दी गई ,पशुओं को डिवर्मिंग गोली खिलाने के लाभ बताए गए एवं महाप्रबंधक द्वारा संचालित मायरा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। राजकुमार चंद्रवंशी प्रबन्धक वित्त द्वारा कहा गया कि किसानों को समय पर दूध उत्पादकों दूध का भुगतान किया जाता है।दूध समिति कोठरी के220 सदस्यों को 653500 वितरित किए वर्ष में सबसे अधिक दुग्ध संकलन प्रदान करने वाले तीन प्रदाय को राशि देकर सम्मानित किया गया समिति के 220 सदस्यों को बोनस राशि 635000 लाभांश 18500 कुल राशि 653500 रुपए वितरण की गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद कोठरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, दिवडिया दुग्ध समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र वर्मा, कोठरी दुग्ध संघ समिति के अध्यक्ष भोपाल सिंह मंडलोई, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रबंधक सोनी, मार्ग पर्यवेक्षक प्रेम पाटीदार, लोकेंद्र ठाकुर, सुनील वर्मा, राजेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, अर्जुन मेवाड़ा, जितेन वर्मा,लखन वर्मा, सुधीर कासनियां आदि समिति के संचालक मंडल एवं सभी दुग्ध प्रदायक सदस्य उपस्थित रहे।

### विश्व आदिवासी दिवस पर सिद्धिगंज में निकला जुलूस, जगह-जगह हुआ स्वागत

# एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान के लगाए नारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

विश्व आदिवासी दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें क्षेत्र के आदिवासी लोगों द्वारा डीजे के साथ बड़े धूमधाम के नाचते गाते जुलूस निकाला गया।

जिसमें माता बहनों द्वारा अपनी आदिवासी परंपरा को बनाए रखने के लिए आदिवासी वेशभूषा पहनकर हाथों में तीर कमान लेकर डीजे के साथ नाचते गाते ग्राम सिद्धीगंज के मुख्य मार्गों से जुलूस निकाला गया। जूलूस मंडी परिषद से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुराना थाना रोड, चमन चौराहा, बड़ा बाजार, इंदिरा कॉलोनी होता हुआ मंडी परिसर पहुंचा। जहां पर सभा का आयोजन किया गया। जुलूस में एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान का नारा लगाते हुए बड़े धूमधाम से ग्राम में जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में आदिवासी माता बहने एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। मंडी परिसर में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभा में बताया गया कि सभी आदिवासी को एक साथ मिलकर रहना है। सभी एक दूसरे के भाई हे सभी आदिवासी भाइयों को आपस में मिलजुल कर रहना है। आदिवासियों के साथ आए दिन हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए हम सभी को आगे आना पड़ेगा।

सभा में बताया गया कि सभी को अपने बालक बालिका को पढ़ना लिखना है, और शिक्षित बनाना है। ताकि कोई भी हम आदिवासियों का शोषण न कर सके व आदिवासियों को उनका पूरा हक मिलना चाहिए। सभी आदिवासी एक समान है। जुलूस का सिद्दीकगंज में जगह-जगह साफा एवं माला पहनकर और फूलों से आदिवासी भाइयों, माता बहनों का स्वागत किया गया। इसी दौरान सुनील कटारा अध्यक्ष, गोपाल सिंह खारतीय, दीपक नावडे अध्यक्ष, दिनेश गुजरिया, उपाध्यक्ष, दीपक बरिया कोषाध्यक्ष, नवल सिंह सोलंकी, सज्जन सिंह लिंबोदिया गोविंदपुरा सरपंच, कुंवर सिंह बरिया, सियाराम बलिया, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धि गंज, आजाद सोलंकी, पप्पू लाल ओबेरॉय, कालूराम, मुकेश भोसले सामाजिक कार्यकर्ता, रमेश जमाले, दिलीप सोलंकी, मिस्टर पटेल, शिवलाल खारतीय, लाल सिंह सोलंकी, आदि आदिवासी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आदिवासी दिवस मनाया गया।

# स्वच्छता के साथ घर-घर चलाया तिरंगा अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय माध्यमिक शाला सेमलीबारी में स्वच्छता अभियान एवं घर-घर तिरंगा अभियान अंतर्गत बच्चों द्वारा रैली निकाली गई।

इस दौरान ग्रामीण जन को स्वच्छता अभियान एवं घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा की जानकारी देकर नारे लगाए गए। रैली में सभी शिक्षक गण और ग्राम पंचायत सचिव और गणमान्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे। जिसमें एक सभा का आयोजन किया गया। ग्रामीण जनों को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई।

इस दौरान सुरेंद्र कुमार जैन, शरद कुमार जैन, चंद्रपाल भावसार, चेतन सिंह ठाकुर, रामसभा तोमर, सविता ठाकुर, ग्राम पंचायत सरपंच नर्मदा बाई धर्मेंद्र मालवीय ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष निलेश कुमार परमार भी उपस्थित रहे। समाजसेवी केवल मालवीय ने बच्चों को पेंसिल शार्पनर रबर किट शैक्षणिक सामग्री वितरण कर बच्चों में खुशी का इजहार किया। अंत में शाला प्रभारी ने आभार माना।